भारत सरकार
श्रम और रोजगार मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या- 1171
सोमवार, 11 दिसंबर, 2023/20 अग्रहायण, 1945 (शक)

शिक्षित, अशिक्षित, कुशल, अकुशल, स्व-नियोजित और बेरोजगार महिलाओं की संख्या

1171. श्री रामचरण बोहरा:

क्या **श्रम और रोजगार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) वर्तमान में देश में शिक्षित, अशिक्षित, कुशल, अकुशल, स्व-नियोजित और बेरोजगार महिलाओं की राज्य/संघ राज्यक्षेत्र- वार संख्या कितनी है;

(ख) क्या विगत तीन वर्षों और चालू वर्ष के दौरान महिलाओं के लिए रोजगार के अवसरों में पर्याप्त वृद्धि हुई है; और

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी वर्ष-वार ब्यौरा क्या है?

उत्तर
श्रम और रोजगार राज्य मंत्री
(श्री रामेश्वर तेली)

(क) से (ग): सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय (एमओएसपीआई) द्वारा वर्ष 2017-18 से करवाए जा रहे आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण (पीएलएफएस) से रोजगार और बेरोजगारी के आंकड़े एकत्र किए जाते हैं। इस सर्वेक्षण की अवधि, जुलाई से अगले वर्ष जून तक होती है।

नवीनतम उपलब्ध वार्षिक पीएलएफएस रिपोर्टों के अनुसार, वर्ष 2022-23 के दौरान सामान्य स्थिति के आधार पर 15 वर्ष और उससे अधिक आयु की महिलाओं की अनुमानित बेरोजगारी दर (यूआर) 2.9% थी। महिलाओं की बेरोजगारी दर (यूआर) में गिरावट की प्रवृत्ति है। वर्ष 2022-23 के दौरान सामान्य स्थिति के आधार पर 15 वर्ष और उससे अधिक आयु की महिलाओं की राज्य/केंद्र शासित प्रदेश-वार अनुमानित बेरोजगारी दर (यूआर) **अनुबंध-I** में दी गई है।

वर्ष 2022-23 के दौरान, कुल महिला कामगार में से लगभग 65.3% महिला कामगार स्व-रोज़गार में थीं। वर्ष 2022-23 के दौरान, स्व-रोज़गार महिलाओं का राज्य/केंद्र शासित प्रदेश-वार प्रतिशत वितरण **अनुबंध-II** में है।

वर्ष 2020-21 से वर्ष 2022-23 के दौरान देश में सामान्य स्थिति के आधार पर 15 वर्ष और उससे अधिक आयु की महिलाओं का अनुमानित कामगार जनसंख्या अनुपात (डब्ल्यूपीआर) निम्नानुसार हैः

वर्ष	**डब्ल्यूपीआर (% में)**
2020-21	31.4
2021-22	31.7
2022-23	35.9

स्रोत: पीएलएफएस, एमओएसपीआई

उपरोक्त आंकड़ें दर्शाते हैं कि रोजगार का दर्शाने देने वाली महिला डब्ल्यूपीआर, वर्ष 2020-21 में 31.4% की तुलना में वर्ष 2022-23 के दौरान विशेष रूप से बढ़कर 35.9% हो गई है।

*****

लोक सभा के दिनांक 11.12.2023 के अतारांकित प्रश्न संख्या 1171 के भाग (क) से (ग) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध

वर्ष 2022-23 के दौरान सामान्य स्थिति के आधार पर 15 वर्ष और उससे अधिक आयु की महिलाओं की राज्य/केंद्र शासित प्रदेश-वार अनुमानित बेरोजगारी दर (यूआर) (% में)

क्र.सं.	राज्य/ संघ राज्य क्षेत्र	2022-23
1	आंध्र प्रदेश	4.0
2	अरुणाचल प्रदेश	4.5
3	असम	3.4
4	बिहार	1.6
5	छत्तीसगढ	2.0
6	दिल्ली	2.2
7	गोवा	14.7
8	गुजरात	1.3
9	हरियाणा	4.7
10	हिमाचल प्रदेश	5.3
11	झारखंड	0.6
12	कर्नाटक	2.4
13	केरल	10.7
14	मध्य प्रदेश	1.2
15	महाराष्ट्र	2.3
16	मणिपुर	4.5
17	मेघालय	8.2
18	मिजोरम	3.0
19	नागालैंड	3.5
20	ओडिशा	2.4
21	पंजाब	8.7
22	राजस्थान	2.9
23	सिक्किम	3.1
24	तमिलनाडु	4.7
25	तेलंगाना	3.8
26	त्रिपुरा	1.1
27	उत्तराखंड	4.2
28	उत्तर प्रदेश	1.8
29	पश्चिम बंगाल	2.0
30	अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह	19.8
31	चंडीगढ़	2.9
32	दादारा एवं नगर हवेली तथा दमन और दीव	5.9
33	जम्मू एवं कश्मीर	6.5
34	लद्दाख	6.0
35	लक्षद्वीप	14.4
36	पुडुचेरी	5.8
अखिल भारत		**2.9**

स्रोत: पीएलएफएस, एमओएसपीआई

लोक सभा के दिनांक 11.12.2023 के अतारांकित प्रश्न संख्या 1171 के भाग (क) से (ग) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध

वर्ष 2022-23 के दौरान सामान्य स्थिति के आधार पर स्व-रोज़गार महिलाओं का राज्य/केंद्र शासित प्रदेश-वार विवरण (% में)

क्र.सं.	**राज्य/ संघ राज्य क्षेत्र**	**2022-23**
1	आंध्र प्रदेश	44.5
2	अरुणाचल प्रदेश	85.9
3	असम	73.9
4	बिहार	70.9
5	छत्तीसगढ	71.3
6	दिल्ली	31.7
7	गोवा	27.8
8	गुजरात	65.4
9	हरियाणा	50.3
10	हिमाचल प्रदेश	86.5
11	झारखंड	88.0
12	कर्नाटक	48.2
13	केरल	37.8
14	मध्य प्रदेश	70.7
15	महाराष्ट्र	50.8
16	मणिपुर	80.7
17	मेघालय	53.3
18	मिजोरम	82.7
19	नागालैंड	83.5
20	ओडिशा	75.5
21	पंजाब	46.1
22	राजस्थान	82.6
23	सिक्किम	76.3
24	तमिलनाडु	38.0
25	तेलंगाना	59.2
26	त्रिपुरा	56.9
27	उत्तराखंड	83.1
28	उत्तर प्रदेश	86.4
29	पश्चिम बंगाल	66.7
30	अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह	52.2
31	चंडीगढ़	17.7
32	दादारा एवं नगर हवेली तथा दमन और दीव	70.3
33	जम्मू एवं कश्मीर	92.1
34	लद्दाख	87.1
35	लक्षद्वीप	51.7
36	पुडुचेरी	28.5
अखिल भारत		**65.3**

स्रोत: पीएलएफएस, एमओएसपीआई